हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 6 जुलाई 2026

सागर | खुरई | बांदरी | जरुआखेड़ा | बीना | बंडा | राहतगढ़

04 जनता पर क्यों थोपा हजारों करोड़ का बोझः विधायक...



07 झमाझम बारिश ने खोलकर रख दी नाला...



## खबर संक्षेप

### जिले में अब तक 173.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**सागर**। सागर जिले में इस वर्ष वर्षा सीजन में अभी तक 173.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के अभिलेखों के अनुसार एक जून से 05 जुलाई 2026 तक गढ़ाकोटा केन्द्र पर सर्वाधिक 306.5 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से 05 जुलाई 2026 तक सागर में 160.7 मिमी, जैसीनगर में 232.0 मिमी, राहतगढ़ में 158.2 मिमी, बीना में 135.4 मिमी, खुरई में 114.0 मिमी, मालथौन में 78.0 मिमी, बंडा में 194.0 मिमी, शाहगढ़ में 45.2 मिमी, गढ़ाकोटा में 306.5 मिमी, रहला (रहली) में 190.8 मिमी, देवरी में 294.9 मिमी, केसली में 172.0 मिमी वर्षा दर्ज की गई है।

### 50 पूर्ण लेखन पुस्तिकाएं जमा, 60 कॉपियों का निःशुल्क वितरण

**सागर**। सनराइज मेगा सिटी में प्रत्येक रविवार दोपहर 12 से शाम 4 बजे तक श्री सीताराम नाम लेखन के लिए निःशुल्क कॉपियों का वितरण एवं पूर्ण लेखन पुस्तिकाओं को जमा करने का कार्य पिछले आठ माह से निरंतर किया जा रहा है। इस सेवा का संचालन सीताराम नाम बैंक जिला शाखा के सह-व्यवस्थापक पं. बृजेश द्विवेदी द्वारा किया जाता है। लेखन प्रेमी पं. नमन द्विवेदी ने बताया कि पं. बृजेश द्विवेदी के अस्वस्थ होने के कारण रविवार, 5 जुलाई को यह सेवा करने का अवसर उन्हें प्राप्त हुआ। निर्धारित समय में उन्होंने 50 पूर्ण लेखन पुस्तिकाएँ जमा कराईं तथा लेखन प्रेमियों को 60 लेखन कॉपियों का निःशुल्क वितरण किया। साथ ही प्रभु श्री सीताराम जी सरकार से पं. बृजेश द्विवेदी के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की प्रार्थना की। इस अवसर पर सौरभ तिवारी (पीपरा), बृजलाल अहिरवार (मनोरमा कॉलोनी), जे.पी. रावत, नामदेव वकील साहब, मुकेश श्रीवास्तव (सनराइज मेगा सिटी), कमलेश मिश्रा तथा कमलकांत मिश्रा (पोद्दार कॉलोनी) सहित अनेक नाम लेखन प्रेमियों ने कॉपियाँ प्राप्त कीं एवं पूर्ण लेखन पुस्तिकाएँ जमा कीं।

### शव वाहन हेतु टोल फ्री नंबर 155334

**सागर**। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सागर द्वारा बताया गया कि सरकारी अस्पताल में मरीज की बीमारी या दुर्घटना के चलते ईलाज के दौरान मृत्यु होने पर निःशुल्क शव वाहन के लिये परिजनों को ना भटकना पड़ेगा और ना ही लंबा इंतजार करना पड़ेगा। लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा विभाग ने मृतक के शव को ससम्मान घर तक पहुँचाने के लिये शव वाहनों की व्यवस्था पहले ही कर दी है। अब इसके लिये स्वास्थ्य विभाग ने टोल फ्री नंबर 155334 जारी किया है। जरूरतमंद इस नंबर पर कॉल करके शव वाहन बुला सकते हैं। यह निःशुल्क सरकारी शव वाहन की व्यवस्था मरीजों के इलाज के दौरान मृत्यु होने पर की गई है।

### मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत आवेदन आमंत्रित

**सागर**। मुख्यमंत्री तीर्थ दर्शन योजना के अंतर्गत सागर जिले से हरिद्वार-ऋषिकेश तीर्थ यात्रा के लिए पात्र हितग्राहियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। शासन के निर्देशानुसार जिले को इस यात्रा के लिए 196 यात्रियों का आवंटन प्राप्त हुआ है। यात्रा के लिए आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 05 जुलाई निर्धारित की गई है। संभावित यात्रा प्रारंभ होने की तिथि 19 जुलाई 2026 है। कलेक्टर प्रतिभा पाल ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर पात्र व्यक्तियों की सूची तैयार की जाए। आवेदन पत्रों के साथ चिकित्सा प्रमाण-पत्र, आधार कार्ड एवं समग्र आईडी की जानकारी संलग्न करना आवश्यक होगा।

## डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती आज

# डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जीः राष्ट्र प्रथम की विचार धारा के अमर पुरोधा : पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि 6 जुलाई भारतीय जनमानस के लिए केवल डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती का अवसर नहीं है, बल्कि उस राष्ट्रवादी चिंतन को स्मरण करने का दिवस है जिसने स्वतंत्र भारत की वैचारिक दिशा को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी ऐसे युगदृष्टा थे, जिन्होंने राजनीति को सत्ता प्राप्ति का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सर्वोच्च साधन माना। उन्होंने अपने संपूर्ण सार्वजनिक जीवन में यह सिद्ध किया कि व्यक्ति से बड़ा राष्ट्र होता है, सत्ता से बड़े सिद्धांत होते हैं और राजनीतिक सफलता से कहीं अधिक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय स्वाभिमान होता है। उनका जीवन भारतीय लोकतंत्र, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, राष्ट्रीय एकात्मता और अखंड भारत के संकल्प का प्रेरक अध्याय है।



उन्होंने कहा कि आज जब भारत विकसित राष्ट्र बनने की दिशा में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रहा है, तब डॉ. मुखर्जी के विचार पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक दिखाई देते हैं। भारतीय जनता पार्टी जिस राष्ट्र प्रथम की विचारधारा को लेकर आगे बढ़ रही है, उसकी वैचारिक आधारशिला डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही रखी थी।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि डॉ. मुखर्जी का स्पष्ट विश्वास था कि भारत केवल भौगोलिक सीमाओं का नाम नहीं है, बल्कि हजारों वर्षों से विकसित हुई एक सांस्कृतिक चेतना, साझा सभ्यता और राष्ट्रीय आत्मा का प्रतीक है। भारत की विविध भाषाएँ, परंपराएँ, आस्थाएँ और जीवन पद्धतियाँ उसकी शक्ति हैं, किंतु इन सबके केंद्र में एक अखंड राष्ट्रीय पहचान होना अनिवार्य है।

उनका मानना था कि यदि राष्ट्र की एकता और अखंडता कमजोर होती है तो लोकतंत्र भी स्थायी रूप से मजबूत नहीं रह सकता। इसलिए उन्होंने सदैव राष्ट्रहित को दलगत राजनीति से ऊपर रखा और ऐसी व्यवस्था का समर्थन किया जिसमें प्रत्येक नागरिक स्वयं को सबसे पहले भारतीय मानने का गौरव अनुभव करे। उन्होंने कहा कि यही सांस्कृतिक राष्ट्रवाद आज एक भारत-श्रेष्ठ भारत की अवधारणा का सशक्त आधार बन चुका है और विकसित भारत के निर्माण की मूल प्रेरणा भी इसी राष्ट्रीय दृष्टि से प्राप्त होती है।

उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी की राजनीति का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम था। उनके लिए राजनीति सत्ता प्राप्त करने का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्र की सेवा और जनकल्याण का दायित्व थी। उन्होंने कभी पद, प्रतिष्ठा अथवा राजनीतिक सुविधा को अपने सिद्धांतों से ऊपर नहीं रखा। जब उन्हें लगा कि कुछ नीतियाँ राष्ट्रीय हित के अनुरूप नहीं हैं, तब उन्होंने सत्ता का मोह त्यागकर सिद्धांतों का मार्ग चुना। उन्होंने यह संदेश दिया कि लोकतंत्र की वास्तविक शक्ति सत्ता परिवर्तन में नहीं, बल्कि सिद्धांतों के प्रति अडिग रहने में होती है। उन्होंने कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी जिस राष्ट्रवादी राजनीति, सुशासन, जनसेवा और राष्ट्रीय हित सर्वोपरि की बात करती है, उसकी वैचारिक प्रेरणा डॉ. मुखर्जी के जीवन से ही प्राप्त होती है।

भूपेन्द्र सिंह ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद डॉ. मुखर्जी ने अनुभव किया कि देश को एक ऐसे वैचारिक राजनीतिक विकल्प की आवश्यकता है जो राष्ट्रवाद, सांस्कृतिक अस्मिता, लोकतांत्रिक मूल्यों और जनसेवा को अपना आधार बनाए। इसी सोच के साथ भारतीय जनसंघ की स्थापना हुई। जनसंघ ने भारतीय राजनीति को वैचारिक दिशा दी और आगे चलकर यही विचारधारा भारतीय जनता पार्टी के रूप में देश का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक जनआंदोलन बनी।

उन्होंने कहा आज प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय एकता, सुशासन, आत्मनिर्भर भारत, गरीब कल्याण, सांस्कृतिक गौरव और विकसित भारत की दिशा में जो कार्य हो रहे हैं, उनमें डॉ. मुखर्जी के विचारों की स्पष्ट झलक दिखाई देती है। यह राष्ट्रवादी विचारधारा आज भी देश के विकास और सुशासन की आधारशिला बनी हुई है।उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी तुष्टिकरण की राजनीति के प्रबल विरोधी थे। उनका मानना था कि लोकतंत्र में नागरिकों के अधिकार धर्म, जाति, भाषा या पंथ के आधार पर अलग-अलग नहीं हो सकते। संविधान के समक्ष प्रत्येक नागरिक समान है और शासन की नीतियाँ भी समान नागरिकता के सिद्धांत पर आधारित होनी चाहिए।



### रहलीः बारिश प्रभावित वार्डों के निरीक्षण पर निकले नपा अध्यक्ष देवराज सोनी

**रहली**। लगातार हो रही बारिश के मद्देनजर नगरपालिका अध्यक्ष देवराज सोनी एक्शन मोड में नजर आ रहे हैं। उन्होंने जलभराव और सड़कों की बदहाली से प्रभावित नगर के विभिन्न वार्डों का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सफाई दारोगा को समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के मुख्य बिंदु और लिए गए निर्णयःवार्ड क्रमांक 04 में तत्काल राहतः सागर रोड स्थित कॉलोनी में बारिश के पानी के कारण सड़कें दलदल में तब्दील हो गई थीं। नपा अध्यक्ष ने यहाँ तुरंत मुरम डालने के निर्देश दिए ताकि राहगीरों को राहत मिल सके।जल निकासी और सीसी रोडः जलभराव की स्थाई समस्या को दूर करने के लिए पानी निकासी हेतु नाली निर्माण और उखड़ी हुई सड़कों पर जल्द से जल्द सीसी रोड (कंक्रीट सड़क) बनाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान वार्डवासियों की समस्याएं सुनने के लिए पार्षद राजेंद्र ठाकुर, दीपू पटेल, भाजपा नेता मस्तु खान सहित सफाई दारोगा महेश ठाकुर एवं अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि व नपा कर्मचारी उपस्थित रहे।



### खरीफ फसलों, ई विकास व तकनीकी विषयों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**सागर**। कलेक्टर सागर प्रतिभा पाल के निर्देशन में कृषि क्षेत्र में उत्तरोत्तर उन्नति के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा खरीफ मौसम में फसलों की बेहतर उत्पादन, उर्वरक वितरण की विकास प्रणाली, बीज व उर्वरक के सैंपलिंग की वैधानिक प्रक्रियाएं, खरीफ फसलों के बेहतर उत्पादन हेतु नवाचार सहित अन्य तकनीकी विषयों पर जिले के सभी विकासखंडों के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी व कृषि विस्तार अधिकारियों को प्रशिक्षण दिया गया। सर्वप्रथम उपसंचालक कृषि राजेश त्रिपाठी ने खरीफ मौसम में अब तक किए कार्यों की विकासखंडवार समीक्षा की । उपसंचालक कृषि ने कहा कि किसानों को कृषि आदान जैसे बीज, उर्वरक, कृषि रसायन गुणवत्तायुक्त व उचित मूल्य पर प्राप्त हों यह हमारी पहली प्राथमिकता है। जिले में विविध खेती उर्वरकों का संतुलित प्रयोग विषय पर भी विस्तार से चर्चा की। उर्वरक वितरण की विकास प्रणाली के संबंध में प्रचलित मिथ व तकनीकी वास्तविकता पर संवाद हुआ। परियोजना संचालक आत्मा मुकेश प्रजापति ने आत्मा परियोजना अंतर्गत संचालित योजनाओं की विकासखंडवार जानकारी दी साथ ही नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग की विस्तृत जानकारी दी। कृषि विज्ञान केंद्र देवरी के कार्यक्रम समन्वयक एवं प्रमुख वैज्ञानिक डॉ आशीष त्रिपाठी ने खरीफ फसलों के प्रबंधन व संरक्षण विषय पर प्रस्तुतीकरण के माध्यम से विस्तृत जानकारी दी । फील्ड स्टाफ द्वारा किसानों की समस्याओं को बताया गया जिनका तकनीकी व व्यवहारिक समाधान भी समाधान बताया गया। बीज परीक्षण अधिकारी संजय पाठक द्वारा बीज नमूना एकत्रीकरण व सहायक रसायन विशेषज्ञ एस बी सिंह द्वारा उर्वरक नमूना एकत्रीकरण की वैधानिक कार्यवाही के बारे में बिंदुवार जानकारी दी गई साथ ही बीज व उर्वरक संबंधी नवीन दिशानिर्देशों की अद्यतन जानकारी दी गई। मिट्टी परीक्षण अधिकारी जितेंद्र सिंह राजपूत ने मृदा परीक्षण का महत्व बताते हुए जिले में पोषक तत्वों के वर्तमान स्तर व उनके संतुलन हेतु उपाय सुझाए।सहायक संचालक कृषि जय दत्त शर्मा द्वारा सोयाबीन व उड़द फसलों को अधिक वर्षा में नुकसान से बचाने हेतु 'सीडड्रिल ट्रांसफॉर्मेशन' विषय पर प्रस्तुतीकरण दिया गया। इसमें विभिन्न वीडियो के माध्यम से साधारण सीडड्रिल को बहुत कम लागत उन्नत सीडड्रिल में बदलने का सरल तरीका बताया गया।



### एक पेड़ मां के नाम' अभियान से जनभागीदारी बढ़ाकर हरित सागर का संकल्प लें: विधायक जैन

**सागर**। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर चलाए जा रहे 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी डॉ. भीमराव अंबेडकर मंडल द्वारा मोतीनगर चौराहा स्थित योग निकेतन परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सागर विधायक शैलेन्द्र जैन एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने मंडल के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति संवर्धन का संदेश दिया। इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र कुमार जैन ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी हैं। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधारोपण का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और जीवन के प्रति हमारी कृतज्ञता व्यक्त करने का माध्यम है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक को अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाकर उसकी देखभाल का संकल्प लेना चाहिए। पौधारोपण तभी सार्थक होगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने बताया कि इस वर्ष मानसून के दौरान उनके द्वारा 25 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस लक्ष्य की पूर्ति के लिए सामाजिक संगठनों, धार्मिक एवं सामाजिक संस्थाओं, शासकीय एवं निजी संस्थानों, शैक्षणिक संस्थाओं, जनप्रतिनिधियों, पर्यावरण प्रेमियों तथा आम नागरिकों से अभियान में सहभागी बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि जनभागीदारी से ही सागर को अधिक हरित, स्वच्छ एवं पर्यावरण अनुकूल बनाया जा सकता है। भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रारंभ किया गया 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी का बोध कराने वाला प्रेरणादायी अभियान है। प्रत्येक कार्यकर्ता को पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेना चाहिए, तभी यह अभियान वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त करेगा।

## सागर में जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की समीक्षा बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

जिला कांग्रेस कमेटी सागर के राजीव गांधी कार्यालय गौर मूर्ति में आज जिला कांग्रेस पिछड़ा वर्ग विभाग की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी संगठनात्मक चयन के मद्देनजर ग्रामीण एवं शहर इकाइयों के अध्यक्षों के चयन की प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की अध्यक्षता जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा एवं जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से संभागीय प्रभारी गजेन्द्र कुशवाह, एवं जिला प्रभारी कमल विश्वकर्मा, विशेष रूप से उपस्थित रहे।



बैठक को संबोधित करते हुए संभागीय प्रभारी गजेन्द्र कुशवाह ने कहा कि पिछड़ा वर्ग कांग्रेस पार्टी की रीढ़ है। संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने के लिए योग्य, कर्मठ और संघर्षशील कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी जाएगी। जिला प्रभारी कमल विश्वकर्मा ने कहा कि सागर जिले में कांग्रेस को फिर से सत्ता में लाने के लिए ओबीसी समाज की भागीदारी सबसे जरूरी है। मंडल स्तर तक कमेटी बनाने का काम 15 अगस्त तक पूरा किया जाएगा।

जिला ग्रामीण अध्यक्ष भूपेंद्र मुहासा ने कहा कि पार्टी हाईकमान के निर्देशानुसार पारदर्शी तरीके से सभी वार्डों में चयन प्रक्रिया पूरी की जाए। किसी भी कार्यकर्ता के साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

जिला शहर अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा हर वर्ग को सम्मान और उचित स्थान दिया है। इस वर्ग के सभी लोगों को कांग्रेस में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। पिछड़ा वर्ग नेता रमाकांत यादव ने कहा कि कांग्रेस को मजबूत करने के लिए पिछड़ा वर्ग को आगे लाना होगा।

बैठक का संचालन पार्षद शिव शंकर यादव ने किया आभार ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष हेमराज रजक ने व्यक्त किया। बैठक में पुरुषोत्तम मुन्ना चौबे, पूर्व विधायक सुनील जैन, मुकुल पुरोहित, जिला संगठन महासचिव ग्रामीण आशीष ज्योतिषी, प्रतिपक्ष बाबूसिंह यादव, शिव दल अध्यक्ष सिंटू कटारे, ब्लाक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, शरद पुरोहित, जतिन चौकसे, विजय साहू, जितेन्द्र रोहण, सागर साहू, राहुल चौबे, नीलश अहिरवार, भैयन पटेल, अनिल दक्ष, दीपक कुर्मी, रेखा सोनी ज्योति, विनोद रैकवार, राहुल रजक, मनोज सोनी, आजाद खान, संजय रैकवार, सुरेश रैकवार, गीता कुशवाहा, रेखा अहिरवार, रेखा सोनी,ज्योति मलैया, प्रशांत सोनी, महेश यादव, मीना पटेल, पवन पटेल, कल्लू पटेल, रवि सोनी, गोपाल प्रजापति, रजिया खान, वसीम खान पार्षद अशोक चकिया, सुनील, चिंटू पटेल हेमराज रजक, रमाकांत यादव, लीलाधर सूर्यवंशी पूर्व पार्षद केशव पाल, अनुज अहिर वार, सुनील प्रजापति, अजीत राठौर, महेश अहिरवार, गोपाल प्रजापति , लक्ष्मण विश्वकर्मा आदि उपस्थित रहे।




### जिला ग्रामीण कांग्रेस की कार्यकारिणी बैठक

**सागर**। जिला कांग्रेस कमेटी सागर ग्रामीण की कार्यकारिणी की बैठक पद्माकर नगर स्थित ग्रामीण जिला कांग्रेस कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष ग्रामीण भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कहा कि सभी पदाधिकारी जनता के बीच जाकर कांग्रेस पार्टी का संदेश जन-जन तक पहुंचाएं। मुहासा ने कहा कि कार्यकारिणी के प्रत्येक पदाधिकारी को अलग-अलग जिम्मेदारियां दी जा रही हैं जिन्हें सभी को पूरा करना है। जिला ग्रामीण कांग्रेस के संगठन महासचिव आशीष ज्योतिषी ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि समय बद्ध तरीके से सभी पदाधिकारियो को काम करने की आवश्यकता है। बैठक को उपाध्यक्ष संतोष सराफ, आर आर पाराशर, अवधेश सिंह सिमरिया, सतीश यादव, नंदकिशोर भारती, संजय मोंटी यादव, डॉ. नीलेश रिछारिया, दुष्यंत बुंदेला, रामनिवास लोधी ने भी सभी पदाधिकारी की ओर से जिला अध्यक्ष मुहासा का आभार प्रकट करते हुए अपने विचार रखे। बैठक में संचालन उपाध्यक्ष अभिषेक गौर ने तथा आभार कार्यालय प्रभारी मनोज पवार ने व्यक्त किया। इस अवसर पर उपस्थित पदाधिकारी एवं विशेष आमंत्रित सदस्यों में प्रमिला सिंह राजपूत, निरंजन सिंह घोसी, जतिन चौकसे, शैलेन्द्र तोमर,अवधेश तोमर, हेमकुमारी कुर्मी, मीनाक्षी साहू, संजना कुर्मी, मोहिनी कश्यप, प्रियंका पांडेय, सुरेंद्र चावड़ा, प्रभु मिश्रा, हेमंत लारिया, इंद्र भूषण तिवारी युवा कांग्रेस अध्यक्ष संदीप चौधरी नरेंद्र, राजकुमार ठाकुर, प्रवक्ता सूर्या शुक्ला, पुरुषोत्तम शिल्पी, इद्रीश खान, रामनिवास सिंह लोधी, सुरेंद्र कुशवाहा खुरई, मनोज राय, हीरालाल चौधरी, सृजन चंदन सुहाने, मनोज गुप्ता, निलेश राय शेर सिंह लोधी धनसिंह अहिरवार, नारायण खान सुरेंद्र सिंह, राजा बुंदेला आदि उपस्थित थे। बैठक के अंत में बीना विधानसभा के प्रभारी मनोज कपूर के ताऊ जी के निधन पर उपस्थित सदस्यों ने 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

## भाजपा जैसीनगर मंडल की संगठनात्मक बैठक संपन्न

# डिजिटल लर्निंग एवं श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती कार्यक्रमों पर हुआ मंथन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

सुरखी विधानसभा अंतर्गत भारतीय जनता पार्टी जैसीनगर मंडल की संगठनात्मक बैठक मंत्री कार्यालय मातेश्वरी, सागर में आयोजित की गई। बैठक में प्रमुख रूप से जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत, विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र पाठक, भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी एडवोकेट अर्जुन पटेल, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल सहित मंडल कार्यकारिणी, शक्ति केंद्र एवं बूथ समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह राजपूत ने 6 जुलाई को पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मंडल के सभी बूथों पर श्रद्धापूर्वक मनाने का आह्वान किया। उन्होंने संगठन ऐप पर संचालित डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण में सभी कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित समय-सीमा में डिजिटल प्रमाण-पत्र प्राप्त करने पर बल दिया। इस अवसर पर मंडल के शक्ति केंद्रों का पुनर्गठन कर नवीन दायित्व भी सौंपे गए। भाजपा जिला मंत्री एवं मंडल प्रभारी एडवोकेट अर्जुन पटेल ने प्रत्येक बूथ पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय डिजिटल लर्निंग प्रशिक्षण के अंतर्गत बनाए जा रहे डिजिटल प्रमाण-पत्रों की समीक्षा करते हुए संगठन के निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का आग्रह किया।



विधानसभा प्रभारी वीरेंद्र पाठक ने शक्ति केंद्र एवं बूथ स्तर पर संगठनात्मक संरचना की विस्तार से जानकारी देते हुए सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से सौंपे गए दायित्वों का समय-सीमा में पूर्ण निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का आह्वान किया। बैठक में मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, मंडल महामंत्री संदीप बड़ोनिया एवं गोलू कोरी, मंडल उपाध्यक्ष वीरेंद्र ठाकुर एवं लल्लाराम कुशवाहा, मंडल मंत्री तुलसीराम घोषी एवं विनोद साहू, सोशल मीडिया प्रभारी निरंजन सिंह, प्रशांत दीक्षित, जिला आईटी प्रभारी बालकिशन सोनी, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि प्रमोद पटेल, जनपद सदस्य प्रणवराज कुर्मी, रविंद्र सिंह ठाकुर, जिला अंत्योदय समिति सदस्य हरनाम सिंह, अनुसूचित जाति मोर्चा मंडल सदस्य नरेंद्र आठिया, कृषि समिति सदस्य धीरज सिंह, सरपंच संघ अध्यक्ष डॉ. हेमंत सिंह, युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुनील सिंह ठाकुर, पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष शंकर पटेल, भाजपा विधि प्रकोष्ठ जिला संयोजक शिवदयाल बड़ोनिया, गोलू सिंह, अशोक सिंह सेवन, इमरत कुर्मी, प्रहलाद प्रजापति, सरपंच राज नारायण यादव, तखत सिंह, प्रशांत सिंह, देवी सिंह पटेल, चंचल बेस चौका, दिलीप पटेल, प्रियंका तिवारी, कमल ठाकुर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### रजिस्ट्री दरों में रिकार्ड वृद्धि के मुद्दे पर विधायक ने शासन-प्रशासन को घेरा, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

# जनता पर क्यों थोपा हजारों करोड़ का बोझः विधायक यादवेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जिले में जमीन और प्लॉट की रजिस्ट्री के लिए लागू की गई नई गाइडलाइन को लेकर राजनीतिक और जनस्तर पर विरोध तेज हो गया है। आम नागरिकों पर बढ़ते आर्थिक बोझ का मुद्दा उठाते हुए कांग्रेस विधायक यादवेंद्र सिंह बुंदेला ने शासन और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं। उन्होंने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वर्ष 2026-27 की नई रजिस्ट्री दरों पर तत्काल पुनर्विचार करने, वर्तमान ड्राफ्ट गाइडलाइन निरस्त करने तथा नई और न्यायसंगत गाइडलाइन तैयार कराने की मांग की है।

विधायक बुंदेला का कहना है कि जिला मूल्यांकन समिति द्वारा जमीनों की गाइडलाइन दरों में जिस तरह एकमुश्त और भारी वृद्धि की गई है, उससे आम आदमी का अपने घर और जमीन का सपना महंगा हो गया है। उनका आरोप है कि कई स्थानों पर 200 प्रतिशत से लेकर 900 प्रतिशत तक दरें बढ़ा दी गई हैं, जबकि पिछले वर्षों में सामान्यतः 10 से 20 प्रतिशत तक ही संशोधन होता रहा है। उन्होंने कहा कि टीकमगढ़ जैसा आर्थिक रूप से पिछड़ा जिला इतनी भारी वृद्धि का भार वहन नहीं कर सकता। आश्चर्यजनक स्थिति यह है कि भोपाल और इंदौर जैसे बड़े शहरों में इस वर्ष औसतन 15 से 30 प्रतिशत तक ही वृद्धि हुई है, जबकि कुछ क्षेत्रों में गाइडलाइन दरों में कमी भी की गई है। इसके विपरीत टीकमगढ़ में अत्यधिक वृद्धि से आम लोगों, किसानों, मध्यमवर्गीय परिवारों और छोटे निवेशकों पर सीधा आर्थिक बोझ बढ़ेगा। विधायक बुंदेला ने आरोप लगाया कि मध्य प्रदेश बाजार मूल्य मार्गदर्शक सिद्धांत एवं पुनरीक्षण नियम-2018 के प्रावधानों का पालन किए बिना गाइडलाइन तैयार की गई। उनका कहना है कि प्रारूप गाइडलाइन सार्वजनिक कर आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और संबंधित पक्षों से आपत्तियां एवं सुझाव लेने की प्रक्रिया का भी समुचित पालन नहीं किया गया। उन्होंने कहा कि जनहित से जुड़े इतने महत्वपूर्ण निर्णय में पारदर्शिता और जनभागीदारी आवश्यक थी। ज्ञापन में विधायक ने मांग की है कि वर्तमान ड्राफ्ट गाइडलाइन तत्काल निरस्त कर वास्तविक बाजार मूल्य, स्थानीय आर्थिक स्थिति और जनता की भुगतान क्षमता को ध्यान में रखते हुए नई गाइडलाइन तैयार की जाए। उनका कहना है कि यदि ऐसा नहीं हुआ तो जिले में जमीन की खरीद-फरोख्त प्रभावित होगी और आम लोगों पर अनावश्यक आर्थिक बोझ पड़ेगा। यह मुद्दा अब केवल रजिस्ट्री शुल्क तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि जिले के विकास, आवास निर्माण और आम नागरिकों की आर्थिक क्षमता से भी जुड़ गया है। लोगों की निगाहें अब जिला प्रशासन और राज्य शासन के अगले कदम पर टिकी हैं कि बढ़ी हुई गाइडलाइन दरों में राहत मिलती है या नहीं।

#### जमीन गाइडलाइन दरों में 200% से 900% तक की रिकार्ड बढ़ोतरी

टीकमगढ़ जिले में जमीन रजिस्ट्री की गाइडलाइन दरों को लेकर पुरानी गाइडलाइन (वर्ष 2025-26) और नई गाइडलाइन (वर्ष 2026-27) के बीच दरों और रजिस्ट्री नियमों में महत्वपूर्ण बदलाव हुए हैं। जिसके तहत टीकमगढ़ जिले में अनुमानित औसत भूमि दरें 350 रूपये से 2,200 प्रति वर्ग फीट के बीच थीं। पिछले वर्षों में गाइडलाइन दरों में बढ़ोतरी की वार्षिक औसत सीमा 10% से 20% के बीच हुआ करती थी। लेकिन वर्ष 2026 की नई गाइडलाइन के तहत टीकमगढ़ जिला मूल्यांकन समिति द्वारा दरों में भारी वृद्धि की गई है। जिले के कई विकासशील और प्रमुख क्षेत्रों में जमीन की गाइडलाइन दरों में 200% से लेकर 900% तक की रिकॉर्ड बढ़ोतरी दर्ज की गई है, जिसे लेकर वर्तमान में स्थानीय स्तर पर पुनर्विचार और आपत्तियों की मांग भी चल रही है।

#### बढ़ी गाइडलाइन का सीधा असर आमजनों के सपने पर

नई गाइडलाइन लागू होने पर स्टाम्प ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन शुल्क जमीन के बढ़े हुए सरकारी मूल्य के आधार पर तय होंगे। इसका सीधा असर प्लॉट, मकान, कृषि भूमि और व्यावसायिक संपत्तियों की खरीद-फरोख्त पर पड़ेगा। अधिक सरकारी मूल्य का मतलब रजिस्ट्री कराने में पहले की तुलना में कहीं अधिक खर्च उठाना होगा, जिससे आम खरीदारों और किसानों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ बढ़ेगा। इस तरह किसी गरीब का अपने घर का सपना कैसे पूर्ण हो पायेगा।

### स्कूली शिक्षा में मनमानी के विरुद्ध आवाज उठाना पड़ा महंगा

## शिक्षकों ने युवक को इतना पीटा कि निकला मुंह से खून, लिधौरा पुलिस ने की जांच शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



शिक्षा के मंदिर में बच्चों की पढ़ाई के साथ किये जा रहे खिलबाड़ पर सवाल उठाना एक युवक को महंगा पड़ गया। जिले के लिधौरा थाना अंतर्गत ग्राम गणेशगंज-छिपरी स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय में समय पर कक्षाएं संचालित न होने और शिक्षण व्यवस्था में कथित लापरवाही का विरोध करने वाले युवक के साथ शिक्षकों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। आरोप है कि मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-181 पर शिकायत दर्ज कराने से नाराज शिक्षकों ने शिकायतकर्ता पक्ष के युवक सुंदर कुशवाहा के साथ मारपीट कर दी, जिससे उसके मुंह से खून निकल आया। जिसका वीडियो भी वायरल हुआ। घटना के बाद क्षेत्र में शिक्षा व्यवस्था और सरकारी स्कूलों की जवाबदेही को लेकर सवाल खड़े हो गए हैं। पीड़ित पक्ष के अनुसार शनिवार सुबह विद्यालय के बाहर इस बात पर चर्चा की जा रही थी कि नियमानुसार स्कूल नियमित रूप से सुबह साढ़े 10 से शाम साढ़े 4 बजे तक खोला जाये। जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित न हो। इसी दौरान विवाद बढ़ गया। आरोप है कि विद्यालय की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने और मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-181 पर शिकायत दर्ज कराने से नाराज होकर शिक्षक रामकिशोर खरद सहित अन्य लोगों ने सुंदर कुशवाहा के साथ अभद्रता करते हुए मारपीट कर दी। शिकायत में युवक को चोट आने का भी उल्लेख किया गया है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विवाद के दौरान मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। घटना के बाद घायल युवक लिधौरा थाने पहुंचा और आरोपितों के खिलाफ लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच शुरू कर दी है। उक्त घटना ने सरकारी स्कूलों में समय पर शिक्षण कार्य, बच्चों के भविष्य और शिकायत करने वाले नागरिकों की सुरक्षा जैसे गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। यदि शिकायतकर्ता के आरोप सही पाए जाते हैं तो यह मामला केवल मारपीट का नहीं, बल्कि शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाने वालों को डराने-धमकाने का भी माना जाएगा। अब सभी की निगाहें पुलिस जांच और शिक्षा विभाग की कार्रवाई पर टिकी हैं। क्षेत्रीय लोगों का कहना है कि मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी विद्यालयों की कार्यप्रणाली में सुधार हो और शिकायत करने वालों का विश्वास बना रहे।

### व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख की ठगी, 3 पर केस दर्ज

**ललितपुर।** व्यापार में निवेश के नाम पर 65 लाख रुपये की कथित धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। कोतवाली सदर क्षेत्र के ग्राम बम्होरी कलां निवासी एक युवक की शिकायत पर मुंबई की एक कंपनी की संचालिका सहित तीन लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी और धमकी देने सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्राम बम्होरी कलां निवासी मुकेश रजक उर्फ कोरी पुत्र जमूरे रजक ने शिकायत में बताया कि व्यापारिक गतिविधियों के दौरान उसकी मुलाकात मुंबई के कांदीवली निवासी चेतन शाह और हिमांशु शाह से हुई थी। बातचीत के बाद उसने 28 जून 2024 को उनकी कंपनी देव एलीट एलएलपी की संचालिका रेवती शाह को व्यापार में निवेश के उद्देश्य से 65 लाख रुपये दिए थे। आरोप है कि रकम प्राप्त करने के बाद आरोपियों ने एक लिखित अनुबंध (एग्रीमेंट) किया और सुरक्षा के तौर पर 72.50 लाख रुपये के चेक सौंपे। जब इन चेकों को बैंक में प्रस्तुत किया गया तो खाते में पर्याप्त राशि न होने के कारण वे अनादृत (बाउंस) हो गए। शिकायतकर्ता का कहना है कि इसके बाद उसने कई बार अपनी रकम वापस मांगी, लेकिन आरोपी लगातार टालमटोल करते रहे।

### सेफ क्लिक अभियान 2.0 के तहत एसपी मंडलोई ने जारी की साइबर सुरक्षा एडवाइजरी

## फेसबुक यूजर्स रहें सतर्क, प्राइवेसी करें मजबूतः पुलिस अधीक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़




सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर बढ़ते साइबर अपराध, फर्जी प्रोफाइल, अकाउंट हैकिंग और व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग की घटनाओं को देखते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने जिलेवासियों के लिए विशेष साइबर सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। सेफ क्लिक अभियान 2.0 के अंतर्गत पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने नागरिकों से फेसबुक अकाउंट की प्राइवेसी सेटिंग्स मजबूत करने और डिजिटल सुरक्षा के प्रति सतर्क रहने की अपील की है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने कहा कि आज सोशल मीडिया लोगों के दैनिक जीवन का अहम हिस्सा बन चुका है। ऐसे में छोटी-सी लापरवाही भी साइबर अपराधियों के लिए अवसर बन सकती है। यदि नागरिक अपने फेसबुक अकाउंट की सुरक्षा सेटिंग्स सही ढंग से अपनाएं तो फर्जी प्रोफाइल, डेटा चोरी, अकाउंट हैकिंग और ऑनलाइन धोखाधड़ी जैसी घटनाओं के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। एडवाइजरी में फेसबुक उपयोगकर्ताओं को प्रोफाइल लॉक या प्रोफाइल गार्ड सक्रिय करने, भविष्य की पोस्ट की दृश्यता केवल मित्रों (फ्रेंड्स) तक सीमित रखने तथा फ्रेंड लिस्ट को ओनली मी पर सेट करने की सलाह दी गई है। पुलिस का कहना है कि इन सरल सुरक्षा उपायों से व्यक्तिगत जानकारी अनजान लोगों की पहुंच से सुरक्षित रहेगी और सोशल मीडिया के दुरुपयोग की आशंका कम होगी। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल तकनीकी विषय नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की व्यक्तिगत जिम्मेदारी भी है। उन्होंने जिलेवासियों से अपील की कि वे स्वयं इन सुरक्षा उपायों को अपनाने के साथ अपने परिवार, मित्रों और परिचितों को भी इसके प्रति जागरूक करें, ताकि साइबर अपराधों पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके। टीकमगढ़ पुलिस ने नागरिकों से सोशल मीडिया का जिम्मेदारी और सतर्कता के साथ उपयोग करने, अनजान लोगों पर भरोसा न करने तथा किसी भी संदिग्ध ऑनलाइन गतिविधि या साइबर ठगी की सूचना तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 अथवा निकटतम पुलिस थाने में देने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि 'सेफ क्लिक अभियान 2.0' के माध्यम से जिले में सुरक्षित डिजिटल वातावरण बनाने के लिए लगातार जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है।

### नाराहट में सड़क हादसा

## तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक को मारी टक्कर, दो युवकों की मौके पर मौत

**ललितपुर।** जनपद के पाली तहसील अंतर्गत नाराहट थाना क्षेत्र में शनिवार को एक भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार दो युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही नाराहट पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम नटयाना निवासी दो युवक मोटरसाइकिल से किसी कार्य से ललितपुर की ओर जा रहे थे। इसी दौरान नाराहट थाना क्षेत्र में रास्ते में सामने से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे और मौके पर ही उनकी मौत हो गई। बताया जा रहा है कि मृतकों में एक युवक की उम्र करीब 40 वर्ष, जबकि दूसरे की उम्र लगभग 25-26 वर्ष थी।

### साइबर अपराध रोकने साइबर दूत बनकर पुलिस ने छेड़ी जनजागरण मुहिम

## साइबर सुरक्षा सिर्फ पुलिस की नहीं, बल्कि सबकी साझा जिम्मेदारीः एसपी मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



बढ़ते साइबर अपराधों के खिलाफ आम नागरिकों को जागरूक और सतर्क बनाने के उद्देश्य से टीकमगढ़ पुलिस ने सेफ क्लिक अभियान के तहत पुलिस लाइन परिसर में विशेष साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पुलिस अधिकारियों, कर्मचारियों एवं युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए हाथों में साइबर सुरक्षा संबंधी संदेशों वाली तख्तियां लेकर डिजिटल सुरक्षा का संदेश जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने किया। उन्होंने पुलिसकर्मियों और युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को साइबर जागरूकता दूत बनकर अपने परिवार, मित्रों और समाज को सुरक्षित डिजिटल व्यवहार के प्रति जागरूक करना चाहिए। उन्होंने कहा कि साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण तभी संभव है, जब नागरिक स्वयं सतर्क रहें और दूसरों को भी जागरूक करें। कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक मंडलोई ने प्रतिभागियों से साइबर सुरक्षा को लेकर उनके विचार और संदेश भी सुने। प्रतिभागियों ने ऑनलाइन ठगी, फर्जी लिंक, ओटीपी और बैंकिंग जानकारी साझा न करने, अज्ञात कॉल से सावधान रहने तथा सोशल मीडिया के माध्यम से होने वाली साइबर धोखाधड़ी से बचने का संदेश दिया। इस अवसर पर डिजिटल तकनीक के सुरक्षित और जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग पर भी जोर दिया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि थोड़ी-सी सावधानी अपनाकर अधिकांश साइबर अपराधों से बचा जा सकता है। नागरिकों से अपील की गई कि किसी भी प्रकार की साइबर ठगी, संदिग्ध लिंक या ऑनलाइन धोखाधड़ी की जानकारी तत्काल पुलिस अथवा साइबर हेल्पलाइन पर दें। पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने कहा कि साइबर सुरक्षा केवल पुलिस की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की साझा जिम्मेदारी है। यदि हर व्यक्ति स्वयं जागरूक होगा और दूसरों को भी जागरूक करेगा, तो साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सकेगा। टीकमगढ़ पुलिस ने नागरिकों से अपील की है कि सोच-समझकर क्लिक करें, सतर्क रहें और साइबर अपराधों से स्वयं भी सुरक्षित रहें तथा दूसरों को भी सुरक्षित रखें।

### ट्रक बैक करते में हादसा हुआ

## अमरपुर मंडी में ट्रक की चपेट में आने से मजदूर की मौत

**ललितपुर** । अमरपुर मंडी में ट्रक को बैक करते समय हुए दर्दनाक हादसे में एक मजदूर की मौत हो गई। हादसे के बाद मंडी परिसर में अफरा-तफरी मच गई। गंभीर रूप से घायल मजदूर को तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतक के पिता की तहरीर पर अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। महरौनी थाना क्षेत्र के ग्राम अण्डेला निवासी पहाड़ सिंह पुत्र घूमन सिंह अमरपुर मंडी में मजदूरी का कार्य करने गया था। 30 जून 2026 की सुबह करीब 10:45 बजे मंडी परिसर में खड़े ट्रक संख्या यूपी 94 टी 1414 का चालक वाहन को कथित रूप से लापरवाही से बैक कर रहा था। इसी दौरान पीछे कार्य कर रहे पहाड़ सिंह ट्रक की चपेट में आ गए और गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मंडी में मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस और एम्बुलेंस को सूचना दी।

### स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया

## सक्षम स्थापना पर दिव्यांग सेवा का दोहराया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

समदृष्टि, क्षमता एवं विकास अनुसंधान मंडल (सक्षम) ललितपुर का स्थापना दिवस आज नगर स्थित रामरतन विद्या मंदिर जूनियर हाई स्कूल में उत्साहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सक्षम के प्रांत सहसचिव प्रशान्त पाण्डेय रहे, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष अक्षय अलया ने की।

इस अवसर पर प्रांत सहसचिव प्रशान्त पाण्डेय ने सक्षम की कार्ययोजना पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संगठन का उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनके अधिकार दिलाना तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का लाभ उन तक पहुँचाना है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि दिव्यांगता को अभिशाप नहीं, बल्कि समाज की सामूहिक जिम्मेदारी मानते हुए प्रत्येक दिव्यांगजन तक सरकारी सुविधाएँ और अधिकार पहुँचाने का प्रयास करें। कार्यक्रम में नगर के सेवाभावी चिकित्सक डॉ. मुकेश तिवारी को चिकित्सा प्रकोष्ठ का प्रमुख तथा जितेंद्र सिंह यादव को सक्षम मित्र के रूप में मनोनीत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सक्षम के ब्रांड एंबेसडर सूरदास जी के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। अधिवक्ता आयाम के प्रमुख कौशल किशोर गोस्वामी (एडवोकेट) ने संगठन मंत्र प्रस्तुत किया, जबकि युवा आयाम प्रमुख दीपक राठौर ने सक्षम की परिकल्पना पर अपने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम का संचालन जिला मंत्री अजय जैन साइकिल ने किया तथा आगामी कार्ययोजना की जानकारी भी दी। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष गोविंद व्यास, डॉ. तेजस्व श्रीवास्तव, संजीव सौरया, रविशंकर राठौर, मीडिया प्रमुख मनोज जैन, संजय अग्रवाल आदि रहे मौजूद।

### विभिन्न राज्यों के विशेषज्ञ करेंगे अनुभव साझा

## टीकमगढ़ बनेगा प्राकृतिक खेती, गौ संरक्षण ज्ञान केंद्र 3 दिन होगा राष्ट्रीय मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



गौ संरक्षण, पर्यावरण संवर्धन और प्राकृतिक खेती को नई दिशा देने के उद्देश्य से टीकमगढ़ में 31 जुलाई, 1 एवं 2 अगस्त को तीन दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला आयोजित की जाएगी। प्रकृति सेवा संस्थान समिति के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन में बुंदेलखंड सहित देश के विभिन्न राज्यों से कृषि विशेषज्ञ, पर्यावरणविद, समाजसेवी और प्रगतिशील किसान एक मंच पर जुटेंगे तथा टिकाऊ कृषि और पर्यावरण संरक्षण के विभिन्न पहलुओं पर मंथन करेंगे। समिति के अध्यक्ष एवं समाजसेवी महेंद्र द्विवेदी ने बताया कि कार्यशाला का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि किसानों, युवाओं, छात्र-छात्राओं और समाज के विभिन्न वर्गों को प्राकृतिक संसाधनों के संरक्षण और गौ आधारित खेती की व्यवहारिक एवं वैज्ञानिक पद्धतियों से जोड़ना है। कार्यक्रम में आधुनिक कृषि चुनौतियों के बीच कम लागत, बेहतर उत्पादन और पर्यावरण संरक्षण के संतुलन पर विशेष चर्चा होगी। तीन दिवसीय कार्यशाला में गौ आधारित कृषि, जैविक एवं प्राकृतिक खेती, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने के उपाय, पर्यावरण संरक्षण तथा कृषि के नवाचार जैसे विषयों पर विशेषज्ञ विस्तार से मार्गदर्शन देंगे। वर्षों से इस क्षेत्र में कार्य कर रहे अनुभवी किसान और सामाजिक कार्यकर्ता अपने सफल प्रयोगों और अनुभवों को प्रतिभागियों के साथ साझा करेंगे, जिससे किसानों को व्यवहारिक समाधान और नई तकनीकों की जानकारी मिल सकेगी। कार्यशाला के दौरान विशेषज्ञों और प्रतिभागियों के बीच खुला संवाद भी होगा।

### दलित महिला और बेटे से मारपीट की

**ललितपुर।** कोतवाली सदर क्षेत्र की बिरधा चौकी अंतर्गत ग्राम सतरवास में एक दलित महिला और उसके बेटे के साथ मारपीट तथा जातिसूचक टिप्पणी किए जाने का मामला सामने आया है।

### भीड़ प्रबंधन से आपदा राहत तक दिया गया व्यवहारिक प्रशिक्षण

## सिंहस्थ-2028 की तैयारी तेज, उत्कृष्ट प्रतिभागी सम्मानित, पंचम प्रशिक्षण बैच संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़





आगामी सिंहस्थ-2028 महापर्व के दौरान सुरक्षा और व्यवस्थाओं को प्रभावी बनाने की तैयारी में जुटी टीकमगढ़ पुलिस लगातार अपने पुलिस बल को प्रशिक्षित कर रही है। इसी क्रम में जिला पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित छह दिवसीय विशेष प्रशिक्षण श्रृंखला के पंचम बैच का समापन समारोह आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का उद्देश्य पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को बड़े धार्मिक आयोजनों में कानून-व्यवस्था बनाए रखने, भीड़ नियंत्रण, आपदा प्रबंधन तथा श्रद्धालुओं के प्रति संवेदनशील व्यवहार के लिए तैयार करना रहा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को भीड़ प्रबंधन, यातायात संचालन, आपातकालीन प्रतिक्रिया, आपदा प्रबंधन, कानून-व्यवस्था बनाए रखने तथा नागरिकों और श्रद्धालुओं के साथ मानवीय एवं विनम्र व्यवहार जैसे विषयों पर व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया। अधिकारियों ने बताया कि यह प्रशिक्षण केवल तकनीकी दक्षता बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में त्वरित निर्णय क्षमता, समन्वय और जनसेवा की भावना को मजबूत करने पर भी विशेष जोर दिया गया।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई ने समापन समारोह में प्रशिक्षण प्राप्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों से संवाद कर उनके अनुभव सुने और प्रशिक्षण में अर्जित ज्ञान को दैनिक पुलिस कार्यों में भी अपनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि एक अच्छा पुलिसकर्मी केवल कानून लागू करने वाला अधिकारी नहीं होता, बल्कि उसका व्यवहार, धैर्य, संवेदनशीलता और सेवा का दृष्टिकोण ही जनता के बीच पुलिस की वास्तविक पहचान बनाता है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है, जो पुलिसकर्मियों को बदलती चुनौतियों के अनुरूप तैयार करती है। जब पुलिस आधुनिक तकनीक, व्यवहारिक कौशल और मानवीय मूल्यों के साथ कार्य करती है, तभी समाज में सुरक्षा और कानून के प्रति विश्वास मजबूत होता है। समापन समारोह में प्रशिक्षुओं और प्रशिक्षकों ने देशभक्ति एवं प्रेरणादायी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को उत्साहपूर्ण बना दिया। अनुशासन, टीम भावना और सकारात्मक सोच पर आधारित प्रस्तुतियों की सभी ने सराहना की।

प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूर्ण करने वाले सभी प्रतिभागियों को पुलिस अधीक्षक ने प्रशस्ति-पत्र एवं नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया। साथ ही उत्कृष्ट प्रशिक्षण देने वाले प्रशिक्षकों और बेहतर प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों का भी सम्मान किया गया। रक्षित निरीक्षक कनक सिंह चौहान, प्रशिक्षण प्रभारी रक्षित निरीक्षक कैलाश पटेल, निरीक्षक बृजेन्द्र चचोंदिया, सूबेदार उत्तम सिंह सहित प्रशिक्षकगण एवं प्रशिक्षु कार्यक्रम में उपस्थित रहे। पुलिस विभाग के अनुसार निर्धारित कार्ययोजना के तहत 26 दिसंबर तक जिले के समस्त पुलिस बल को चरणबद्ध तरीके से इस विशेष प्रशिक्षण से जोड़ा जाएगा, ताकि सिंहस्थ-2028 जैसे विशाल धार्मिक आयोजन के दौरान सुरक्षा, यातायात और जनसुविधाओं की जिम्मेदारी प्रभावी ढंग से निभाई जा सके।

### एक घंटे तक बारिश से बाजारों में बाढ़ से हालात, कलेक्टर ने निर्देश दिए

# झमाझम बारिश ने खोलकर रख दी नाला सफाई की पोल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

बीते डेढ़ महीने से नगर पालिका परिषद द्वारा शहर के विभिन्न नालों की सफाई के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान की पोल रविवार को तब खुल गई जब दोपहर 12 बजे के बाद हुई झमाझम बारिश ने शहर के बाजारों में ही बाढ़ जैसे हालात निर्मित कर दिए। उधर कलेक्टर शीला दाहिमा ने जिले की तीनो नगर निकाए संस्थाओ द्वारा की जा रही नाला सफाई में लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए एक बार फिर नालों की तलाझाड सफाई करने के निर्देश दिए हैं ताकि कही बाढ़ जैसे हालात का सामना ना करना पड़े तथा किसी बस्ती में जलभराव की स्थिति निर्मित न हो।

रविवार को पड़ रही भीषण गर्मी और उमस से लोगों को तब राहत मिलती दिखाई दी जब दोपहर 12 के करीब बूंदाबांदी के बाद झमाझम बारिश हो गई। करीब 1 घंटे तक हुई इस बारिश ने शहर के हाल बिगाड़ कर रख दिए। कई बस्तियों में पानी निकासी नहीं होने से जल भराव की स्थिति निर्मित हो गई और शहर के बाजारों गलियों में तो बाढ़ जैसी स्थिति दिखाई पड़ने लगी मेन मार्केट, सब्जी मंडी, चूड़ी बाजार टोडी गणेश बाजार, पुल दरवाजा मछली मार्केट में पानी इतना अधिक भर गया कि दुकानों के भीतर तक पानी घुस गया। मछली मार्केट जैसे क्षेत्र में तो लोगों की गाड़ियां भी बह गई पुल दरवाजे पर नालों के पानी की धार इतनी तेज थी कि बाइक सवार पानी में बह गए जिन्हें दुकानदारों ने दोड़कर बचाया। इन सबके बीच नगर पालिका के नालों की जो सफाई डेढ़ माह से चल रही है उसकी भी पोल बारिश मे खुल गई। लोगों का कहना है कि अगर नालों की तलाझाड़ सफाई हुई है तो फिर पानी नालो के बजाए सड़कों के ऊपर से क्यों बह रहा है।





#### कलेक्टर के निर्देश, दोबारा करो नाले साफ

नगर पालिका द्वारा नालों की सफाई के नाम पर की जा रही औपचारिकता से कलेक्टर शीला दाहिमा भी खुश नहीं है इसकी बानगी 1 जुलाई को उनके द्वारा तीनों निकाय संस्थाओं श्योपुर, बड़ौदा एवं विजयपुर को जारी किया गया पत्र है जिसमें स्पष्ट निर्देश हैं कि मानसून पूर्व नालों की सफाई तलाझाड होना चाहिए कई बाजारों में और बस्तियों में नाले साफ नहीं होने के कारण जल भराव की स्थिति देखने को मिल रही है साथ ही उन्होंने हर वार्ड में जल भराव की स्थिति पर निगरानी रखने सूचना देने के लिए कर्मचारी तैनात रखने के निर्देश दिए हैं। बड़ौदा विजयपुर में भी बाढ़ जैसे हालात से निपटने के लिए व्यवस्था करने कंट्रोल रूम गठित करने के निर्देश दिए गए हैं कलेक्टर के निर्देश के बाद नगर पालिका को फिर दोबारा से नाला सफाई का अभियान चलाना पड़ेगा।

#### नालो की सफाई फिर से शुरू कर दी

शहर के नाले सफाई के दूसरे तीसरे दिन बाद फिर भर जाते हैं जिससे सफाई कर्मियों को परेशानी हो रही है। कलेक्टर से मिले निर्देश के बाद नालों की सफाई फिर शुरू कर दी गई है। जल भराव वाले पॉइंट पर कर्मचारी तैनात कर दिए गए हैं जो समय-समय पर सूचना देगा।

सत्यभानु जाटव
एचओ नपा श्योपुर

### दोनों मामलो में पुलिस ने मर्ग दर्ज कर जांच शुरू की

# दो लोगों ने लगाई फांसी, एक का घर तो दूसरे का जंगल में लटका मिला शव



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जिले के दो लोगो ने संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगाकर अपनी जीवनलीला समाप्त कर ली। एक युवक का शव जहां अपने घर के अंदर फांसी के फंदे पर लटका मिला है,वहीं दूसरे युवक शव अजनाई के जंगल में पेड से फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। दोनों मामलो में संबंधित थानों की पुलिस ने मर्ग दर्ज कर फांसी लगाने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक एक मामला बरगवां थाना क्षेत्र का है,जहां ग्राम बरगवां निवासी बजरंगलाल सेन 38 वर्ष पुत्र रामजीलाल सेन ने बीती रात को संदिग्ध परिस्थितियों के बीच अपने घर के एक कमरे में पंखे के कुंदे से लटककर फांसी लगा ली। जिसका पता परिजनों को रविवार की सुबह तब चला,जब नींद खुलने पर उन्हें कमरे के अंदर बजरंगलाल का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला। इस दौरान घर में चीख पुकार मच गई। सूचना मिलने पर बरगवां थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। इसके बाद पुलिस शव को पीएम के लिए कराहल अस्पताल लेकर आई,जहां उसका पीएम करवाकर शव परिजनों के सुपुर्द किया गया। फांसी लगाए जाने के कारणों का फिलहाल कोई अता नही है,लेकिन पुलिस की प्रारंभिक जांच के दौरान फांसी पारिवारिक कारणों के चलते लगाए जाने की बात सामने आई है।

#### लापता युवक का जंगल में फांसी पर लटका मिला शव

फांसी लगाए जाने का दूसरा मामला मानपुर थाना क्षेत्र का है,जहां अजनोई के जंगल में तेंदू के पेड से अमरलेख 19 वर्ष पुत्र अमर सिंह आदिवासी निवासी भेला थाना देहात का शव फांसी के फंदे पर लटका मिला है। पुलिस के मुताबिक अमरलेख आदिवासी 2 जुलाई को अपने घर से बकरिया चराने के लिए जंगल में निकला था,लेकिन इसके बाद वह लौटकर घर नहीं पहुंचा। परिजनो ने देहात थाने पहुंचकर उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई और देहात थाना पुलिस ने उसकी तलाश शुरू कर दी। इसी बीच 4 जुलाई को अमरलेख का शव अजनोई के जंगल में फांसी पर लटकने की सूचना मानपुर थाना पुलिस को मिल गई। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक के शव फंदे से उतारकर पीएम के लिए जिला अस्पताल में लेकर आई। जहां पीएम उपरांत शव को परिजनो के सुपुर्द कर दिया। पुलिस की प्रारंभिक जांच में यह बात सामने आई कि अमरलेख ने उसी दिन जंगल में जाकर फांसी लगा ली,जिस दिन वह बकरिया चराने के लिए घर से निकला था। अमरलेख भी शादीशुदा बताया जा रहा है। इसलिए पुलिस को उसके फांसी लगाने के पीछे घर परिवार की कलह होने का अंदेशा लग रहा है।

#### हादसे में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

आवदा थाना क्षेत्र में सडक दुर्घटना के दौरान घायल हुए युवक दिलीप उर्फ दलीप पुत्र शिब्बू आदिवासी निवासी इंद्रपुरी राडेप की मौत जयपुर अस्पताल में इलाज के दौरान हो गई। पुलिस ने बताया कि गत 25 मार्च को दिलीप आदिवासी बाइक फिसल जाने के कारण गंभीर रूप से घायल हो गया था,जिसे जिला अस्पताल से गंभीर हालत होने पर रैफर कर दिया गया। परिजन उसे जयपुर ले गए,जहां उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

# हीरापुर में चोरी की वारदात, बाड़े में बंधी नौ भैंसों को खोलकर ले गए चोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मानपुर थाना क्षेत्र के ग्राम हीरापुर में रात्रि के दौरान भैस चोरी की वारदात अंजाम दी गई है। चोरी की इस वारदात को अंजाम देने वाले चोर बाडे में बंधी नौ भैंसों को खोलकर उन्हें गाडी में भरकर ले गए है। जिसका पता भैस मालिक को रविवार की सुबह तब चला,जब वह रोज की भांति सुबह बाडे पर पहुंचा। इस मामले में मानपुर थाना पुलिस ने भैस चोरी की एफआईआर दर्ज कर भैस चोरों की तलाश शुरू कर दी है। लेकिन फिलहाल भैस चोरों का कोई सुराग पुलिस को नहीं मिल सका है।

पुलिस के मुताबिक ग्राम हीरापुर निवासी मनोज सिकरवार की 9 भैसे घर से कुछ दूर बने अपने बाडे में बंधी थी। शनिवार की शाम को मनोज सिकरवार बाडे में बंधी भैसो को चारा पानी डालकर अपने घर चला गया। इसके बाद रात्रि के दौरान चोरो ने मौका देखकर बाडे में बंधी नौ भैसो को खोल लिया और उन्हें गाडी में भरकर ले गए। रविवार की सुबह भैस चोरी की इस घटना का पता चलने पर मनोज सिकरवार ने इस मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी। जिसके बाद मानपुर थाना पुलिस ने मौके पर घटनास्थल का मौका मुआयना किया और चोरी की एफआईआर दर्ज कर भैसों की तलाश शुरू कर दी है। इस संबंध में मानपुर टीआई सतीश कुमार दुबे का कहना है कि फिलहाल भैस चोरों का कोई पता नहीं है,लेकिन उनकी तलाश शुरू कर दी गई है। जल्द ही उनका पता कर भैसों को बरामद कर लिया जाएगा।

### नापाखेड़ली बने पैदल यात्रा समिति के अध्यक्ष

# आठ अगस्त को श्योपुर से रवाना होगी गिरिराज धरण की बीसवीं पैदल यात्रा



हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

श्योपुर से श्री गिर्राज जी महाराज की इस साल 20 वीं पैदल यात्रा जाएगी। जो आठ अगस्त को शहर के टोडी गणेश मंदिर से विधिवत पूजा अर्चना के साथ रवाना होगी। यह निर्णय रविवार को नागदा स्थित श्री भूतेश्वर महादेव मंदिर पर आयोजित हुई श्री पैदल यात्रा समिति की बैठक में लिया गया। बैठक में पिछली यात्रा के आय व्यय का अनुमोदन कर नवीन कार्यकारणी का गठन भी किया गया। सर्व सम्मति से समिति की नवीन कार्यकारिणी का अध्यक्ष एक बार फिर से भाजपा नेता रामलखन नापाखेडली को चुना गया।जबकि उपाध्यक्ष रामवतार मीणा जैनी, दिनेश गौड तुलसेफ, पहलवान जाटखेड़ा ,जगदीश कुशवाह ललितपुरा, रामबिलास लुहाड रहेंगे। वहीं सचिव अनिल सुमन बेहरावदा, सहसचिव देवेंद्र काठौदी, सह कोषाध्यक्ष रामवतार मीणा सरपंच जाटखेड़ा रहेगे। यात्रा प्रभावी ओर अनुशासित रहे इसके लिए विभिन्न प्रकार की उप समितियां भी बनाई गई है।

# 13 से शुरू होगा दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान का तीसरा चरण पशुपालकों को मिलेगी आधुनिक तकनीक की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

मध्यप्रदेश सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादन को बढ़ावा देने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान के तीसरे चरण की शुरुआत की जा रही है। पशुपालन एवं डेयरी विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा संचालित यह विशेष अभियान आगामी 13 जुलाई से 18 जुलाई तक पूरे प्रदेश में चलाया जाएगा। इस अभियान का मुख्य ध्येय दुग्ध उत्पादन में वृद्धि, मध्यप्रदेश की समृद्धि के संकल्प को साकार करना है।

अभियान के दौरान विभाग के विशेषज्ञ और मैदानी अमला सीधे पशुपालकों से संपर्क करेंगे और उन्हें डेयरी व्यवसाय को अधिक लाभदायक बनाने के लिए आधुनिक तकनीकों से अवगत कराएंगे। अभियान के दौरान स्थानीय मवेशियों की नस्ल में सुधार कर दुग्ध उत्पादन क्षमता बढ़ाने के उपाय। मवेशियों के लिए संतुलित आहार, हरा चारा प्रबंधन और पोषण संबंधी महत्वपूर्ण जानकारियाँ। पशुओं को विभिन्न संक्रामक बीमारियों से बचाने के लिए समय पर टीकाकरण के प्रति जागरूकता। उन्नत तकनीक के माध्यम से बछड़ियों के जन्म को बढ़ावा देने की तकनीक के बारे में विस्तृत जानकारी, जिससे भविष्य में दुग्ध उत्पादन में तेजी से वृद्धि हो सके। पशुपालन एवं डेयरी विभाग ने जिले के सभी पशुपालकों और किसानों से अपील की है कि वे 13 से 18 जुलाई तक चलने वाले इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और शासकीय योजनाओं एवं आधुनिक तकनीकों का लाभ उठाकर आत्मनिर्भरता की ओर कदम बढ़ाएं।

#### वैदिक मंत्रोच्चार के साथ वैदिक गुरुकुलम के नवीन भवन का भूमि पूजन

श्योपुर। श्योपुर वैदिक शिक्षा के प्रति अलख जगा रहे श्रीनीलकंठ वैदिक गुरूकुलम के नवीन भवन का भूमि पूजन रविवार को दोपहर 12 बजे नजदीकी गांव रायपुरा में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ सम्पन्न हुआ। भूमि पूजन कार्यक्रम से पहले यज्ञोपवित संस्कार कार्यक्रम भी आयोजित हुआ। इस कार्यक्रम में नौनार सरकार धाम के महंत श्री गोपालदास जी महाराज मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद थे। जबकि पूर्व विधायक दुर्गालाल विजय, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि सुजीत गर्ग सहित कई वरिष्ठ नेता गण एवं समाजसेवी एवं श्रीनीलकंठ वैदिक गुरूकुलम समिति के पदाधिकारी मौजूद थे।



# डॉक्टरों ने श्रमदान कर संवारा जिला अस्पताल का पार्क,स्वच्छता का संदेश दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




जिला अस्पताल श्योपुर में पदस्थ डॉक्टरों सहित अन्य स्टाफ ने रविवार की सुबह जिला अस्पताल परिसर स्थित पार्क में श्रमदान अपना पसीना बहाया और पार्क को संवारा। इसके साथही आमजन को स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण एवं सामूहिक सहभागिता का संदेश भी दिया।

रविवार की सुबह सिविल सर्जन डॉ एसएन बिंदल की अगुवाई में अस्पताल परिसर स्थित पार्क में जुटे डॉक्टर और स्टाफ ने हाथो में कुदाल लेकर पार्क को साफ सुथरा किया और पार्क में अनावश्यक उगी खरपतवारों को उखाडकर एक तरफ फेंका। श्रमदान के दौरान सिविल सर्जन डॉ. बिंदल ने कहा कि स्वच्छ वातावरण बेहतर स्वास्थ्य की आधारशिला है तथा प्रत्येक व्यक्ति को अपने कार्यस्थल और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने हेतु निरंतर प्रयास करना चाहिए। उन्होंने कहा कि चिकित्सालय परिसर को स्वच्छ, सुंदर एवं व्यवस्थित बनाए रखने में सभी कर्मचारियों की सहभागिता महत्वपूर्ण है। श्रमदान जैसे कार्यक्रम सामाजिक जिम्मेदारी की भावना को भी सुदृढ़ करते हैं। इस अवसर पर पैथोलॉजी विशेषज्ञ डॉ. आर.बी. गोयल, सर्जिकल विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र सिंह यादव, पीडियाट्रिशियन डॉ. जितेंद्र यादव, मेडिकल ऑफिसर डॉ. संजय मंगल, नर्सिंग ऑफिसर अनिता कुमारी, रंजना पाल, लैब टेक्नीशियन रिंकू मित्तल, फार्मासिस्ट कल्याण सिंह मीणा, लेखापाल रघुनंदन गोयल, रेडियोग्राफर गजेंद्र चैबे,ए.एन.एम. सोनाली सक्सेना सहित स्वास्थ्य विभाग का अन्य स्टाफ उपस्थित रहा।

### श्री हजारेश्वर महादेव मेले में अखिल भारतीय कवि सम्मेलन संपन्न

# जो भूमि है खंड खंड, वो एक एक कर जोड़ेंगे भारत मां को गाली दी तो, घर में घुस कर फोड़ेंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर ।श्योपुर।




नगरपालिका श्योपुर के तत्वाधान में संचालित मेला श्री हजारेश्वर महादेव के दौरान मेला रंगमंच पर शनिवार की रात को अखिल भारतीय कवि सम्मेलन में देश के प्रसिद्ध कवियों द्वारा काव्य पाठ की प्रस्तुति दी गई। रात्रि 2 बजे तक चले कवि सम्मेलन में कवियों ने एक से बढकर एक रचनाओं की प्रस्तुति से श्रोताओं को बांधे रखा। कवि सम्मेलन में बडी संख्या में श्रोता काव्यपाठ सुनने के लिए उपस्थित रहें।

मेला रंगमंच पर अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का शुभारंभ सरस्वती मॉ की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया गया। इस अवसर पर नगरपालिका अध्यक्ष रेणु सुजीत गर्ग, भाजपा जिला अध्यक्ष शशांक भूषण, पूर्व विधायक दुर्गा लाल विजय, बृजराज सिंह चौहान, भाजपा प्रदेश कार्य समिति सदस्य महावीर सिंह सिसोदिया, कैलाश नारायण गुप्ता, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज तोमर, सांसद प्रतिनिधि सुजीत गर्ग, सीएमओ नरेन्द्र जाटव, मेला अध्यक्ष अकबर अली, पार्षदगण विष्णु पाराशर, जुगल मेहरा, खालिद फारूकी, सुमेर सिंह, पार्षद प्रतिनिधि राजू तोमर सहित रमेशचंद गर्ग,महेश राठौर तथा गणमान्य श्रोतागण बडी संख्या में उपस्थित रहे।

कवि सम्मेलन की शुरुआत कवियत्री डॉ भुवन मोहिनी द्वारा मॉ शारदे की वंदना के साथ की गई। इसके उपरांत वीर रस के कवि विनीत चौहान ने अपनी रचना प्रस्तुत करते हुए कहा कि सीमा नहीं खिंचा करती हैं, कागज बिछी लकीरों से, ये तो घटती बढ़ती रहती हैं, वीरों की शमशीरों से।

हास्य रस के कवि दिनेश देशी घी ने अपनी पैरोडी, चुटकुलों की बौछारों से दर्शकों को लोटपोट कर दिया। उन्होंने राष्ट्रीय एकता का संदेश देते हुए कहा कि बखान करूँ क्या भारत माँ का, गुणगान करूं क्या भारत माँ का, मेरी भारत माँ की माटी का, अंदाज ही निराला है, हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, सबको अपने आँचल में पाला है।

कोटा से पधारे वीर रस के युवा कवि भूपेन्द्र राठौर ने अपनी राष्ट्रवादी रचना का पाठ करते हुए कहा कि अब भारत माँ के बेटे मिलकर, ऐसा फाग मनाएंगे, लाहौर, करांची, रावलपिंडी केसरिया हो जाएंगे। जो भूमि है खंड खंड, वो एक एक कर जोड़ेंगे, भारत माँ को गाली दी तो, घर में घुस कर फोड़ेंगे।

श्रृंगार रस के लोकप्रिय कवि गजेंद्र प्रियांशु ने एक अलग अंदाज़ में कहा कि पाँव बेंचकर सफ़र खरीदे, सफर बेंचकर राहें, जब मैं खुद को बेंच चुका तो, सबकी पड़ी निगाहें। प्रसिद्ध गीतकार डॉ भुवन मोहिनी ने अपने गीतों के माध्यम से श्रोताओं को बांधे रखा, उन्होंने कहा कि आँसुओं से रहे खारे खारे नयन, प्यार से हो गए प्यारे प्यारे नयन, अब मिले तो मिलन का मजा ले रहे, दो तुम्हारे नयन,दो हमारे नयन। कवि सम्मेलन में अगले कवि के रूप में हास्य व्यंग्य के शिखर कवि शम्भु शिखर ने काव्यपाठ करते हुए कहा कि मनहूस से चेहरों को सदा डांटता हूं मैं, गम की बदलियों में भी खुशी छांटता हूं मैं, अच्छा नहीं लगता मुझे चेहरा उदास सा, बस इसलिए ही सबको,हंसी बाँटता हूं मैं। कवि सम्मेलन का संचालन कवि विनीत चौहान द्वारा किया गया। कवि सम्मेलन के समापन अवसर पर आदित्य चौहान द्वारा आभार व्यक्त किया गया।

#### माइक पर आते ही गले चौक हो गए नामी कवियों के, बाकी ने निभाई औपचारिकता

श्री हजारेश्वर महादेव मेला रंगमंच पर आयोजित हुए कवि सम्मेलन की सफलता के भले ही नगर पालिका परिषद कितने ही ढोल पीट ले पर हकीकत यह है कि कवि सम्मेलन नीरस और उबाऊ रहा जिन नामी गिरामी कवियों को मोटी धनराशि देकर नगर पालिका परिषद ने बुलाया माइक पर आते ही उनके गले चौक हो गए और यह कहते हुए वापस मंच पर जा बैठे कि आज उनका गला खराब है बाकी कवियों ने भी औपचारिकता ही निभाई रात 10:00 बजे बाद शुरू हुआ कवि सम्मेलन महज 4 घंटे में ही सिमट कर रह गया। रात 2:00 बजे कवि सम्मेलन का समापन कर दिया गया इससे पहले कभी कवि सम्मेलन 4:00 बजे से पहले समाप्त नहीं हुआ था। हालांकि श्रोता कम संख्या में पहुंचे थे लेकिन जो पहुंचे थे उन्हें दूसरे दौर में कवियों को सुनने की उम्मीद थी लेकिन जिन कवियों को वह सुनना चाहते थे वह पहले ही दौर में अपने गले खराब होने के बात कहकर श्रोताओं की उम्मीदों पर पानी फेर चुके थे।

# विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर




उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम अंतर्गत डाईट श्योपुर में जिला स्तरीय एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया, जिसमें संकुल प्राचार्य, समस्त अकादमिक समन्वयक सम्मिलित हुए।

प्रशिक्षण के शुभारंभ प्रौढ शिक्षा अधिकारी भूपेन्द्र शर्मा द्वारा मॉ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। सह समन्वयक रामप्रताप सिंह जादौन ने बताया कि कार्यक्रम के अंतर्गत पीपीटी के माध्यम से कार्यक्रम संचालन एवं क्रियान्वयन संबंधित समस्त बिंदुओं पर प्रशिक्षक संतोष शर्मा द्वारा प्रशिक्षण दिया गया एवं एनआईएलपी एप संचालन एवं पोर्टल पर समस्त प्रकार की रिपोर्ट जनरेट करने के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण के दौरान समस्त बीईओ, बीआरसीसी एवं बीएसी से एप भी डाउनलोड करवाया गया तथा जन शिक्षा केंद्र स्तर एवं ग्राम स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित करने के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर विकासखण्ड सह समन्वयक साक्षरता श्योपुर मंजू तिवारी, कराहल तनुष्का तोमर, विजयपुर उमाकांत वशिष्ठ आदि उपस्थित रहें।

# बिच्छू ने मारा डंक,युवक की इलाज के दौरान मौत

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र में एक युवक को उस समय बिच्छू ने डंक मार दिया,जब वह ईट भट्टे पर काम कर रहा था। हालांकि युवक को इलाज के लिए विजयपुर अस्पताल में भी दाखिल कराया गया,मगर उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक ग्राम गोपालपुर चकसहराना निवासी भीमराज आदिवासी 23 वर्ष पुत्र राम सिंह आदिवासी शनिवार को जब ईटभट्टे पर काम कर रहा था,तभी उसे हाथ में बिच्छू ने डंक मार दिया। जिससे भीमराज आदिवासी अचैत होकर गिर गया। उसे तत्काल विजयपुर अस्पताल में लाकर भर्ती कराया गया,लेकिन रविवार की सुबह भीमराज की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस मामले की सूचना मिलने के बाद विजयपुर थाना पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर शव का पीएम कराकर उसे परिजनो के सुपुर्द कर दिया और मर्ग दर्ज कर मामले को विवेचना में ले लिया है।

## खबर संक्षेप

### करंट लगने से युवक की मौत, मर्ग दर्ज, जांच शुरू

**अशोकनगर।** जिले के बहादुरपुर थाने के अंतर्गत ग्राम सिरसौरा निवासी अशोक पुत्र नर्मदा प्रसाद अहिरवार जब बरखेडा भोगी गांव में बिजली का कार्य कर रहा था तभी ट्रांसफार्मर में करंट आ जाने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

### 4 वर्षीय बालक की पानी में गिरने से मौत

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम जारसल चक्क निवासी विकास पुत्र कप्तान सिंह लोधी उम्र 4 वर्ष की पानी से भरे गडडे में गिरने से मौत हो गई।पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

### सर्पदंश से 12 के किशोर व 19 साल के युवक की मौत

**अशोकनगर।** जिले में दो अलग अलग स्थानों पर सर्प दंश से एक 12 वर्षीय किशोर और एक 19 वर्षीय युवक की मौत हो गई। जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत ग्राम अमझरा निवासी अनिल पुत्र फुलचंद आदिवासी उम्र 12 साल को अपने ही घर में सर्प ने डस लिया था, जिससे उसकी मौत हो गई। इसी प्रकार चंदेरी थाने के ही अंतर्गत ग्राम सूरेल निवासी रंजीत पुत्र गोपाल आदिवासी उम्र 19 साल जब अपने घर पर ही था तभी उसे सर्प ने डस लिया जिससे उसकी मौत हो गई।

### खाते से 42484 रुपए निकाल कर धोखाधड़ी

**अशोकनगर।** जिले के चंदेरी थाने के अंतर्गत रामनगर निवासी अभिजीत अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अज्ञात आरोपी द्वारा उसके साथ ऑनलाईन धोखाधडी की गई है, जिसमें 17 बार ट्रांजेक्शन कर उसके खाते से 42484 रूपए निकाल लिए गए पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

### दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा थाने के अंतर्गत शाढ़ौरा निवासी सविता रघुवंशी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि शादी के बाद से ही ससुराल पक्ष द्वारा दहेज की मांग को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा था। पुलिस ने फरियादी महिला की रिपोर्ट पर से ससुराल पक्ष के कृष्णकुमार, विमलाबाई, नरेश, आशा रघुवंशी, रश्मि, शिवप्रताप रघुवंशी निवासी बरबट पुरा थाना आरोन के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### दो युवकों ने अलग अलग स्थान पर फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** जिले के शाढ़ौरा निवासी 45 वर्षीय राजकुमार पुत्र वीरेन्द्र सिंह रघुवंशी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस दौरान युवक ने अपने घर के पीछे पिलर के सरियों पर फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। इस दौरान पिता की धोती से फांसी का फंदा बनाया, बताया गया है कि युवक शराब पीने का आदि था। पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है। इसी प्रकार दूसरी घटना अशोकनगर देहात थाने के अंतर्गत शंकर कॉलोनी की है जहां अंशुल पुत्र लल्लूराम योगी, उम्र 28 साल ने अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक का शव फांसी के फंदे पर लटका पाया गया, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है,मामले की जांच की जा रही है।

### मारपीट की घटनाओं के अनेक मामले दर्ज किए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत हिनोतिया फूट निवासी नीरज यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी शिवजीत और सुखदेव यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत बाल्मीक मोहल्ला निवासी निखिल वंशकार ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बीरा और विक्रम अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम नागफन्नी निवासी तखत सिंह लोधी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी देवेन्द्र और आदित्य लोधी ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

## अशोकनगर स्टेशन भी शामिल, लाईव कार्यक्रम के माध्यम से होगा प्रसारण

# 11 को पीएम करेंगे अमृत भारत-2 में देशभर के कई स्टेशनों का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

भारत सरकार के प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी आगामी 11 जुलाई को देश भर में भारत सरकार की अमृत-2 योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों के किए गए कायाकल्प कार्यों के बाद स्टेशनों दिए गए नए लुक के बाद निर्माण कार्यों का लोकार्पण करेंगें। इस कड़ी में देशभर के 100 से अधिक रेलवे स्टेशन शामिल हैं, उनमें अशोकनगर स्टेशन को भी शामिल किया गया है। प्रधानमंत्री और रेल मंत्री द्वारा संयुक्त रूप से एक ही स्थान से लाईव कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।




### 09 करोड़ रुपए की लागत से आधुनिक सुविधाओं की सौगात

भारत सरकार की अमृत-2 योजना के अंतर्गत रेलवे स्टेशनों को आधुनिक स्वरूप प्रदान कर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान की गई हैं। अशोकनगर रेलवे स्टेशन भी इस योजना में शामिल है। अशोकनगर स्टेशन पर लगभग 9 करोड़ रूपए की लागत से कायाकल्प किया गया है। इस लोकार्पण कार्यक्रम की तैयारियां अशोकनगर रेलवे स्टेशन पर जोर शोर से चल रही हैं, जिसके लिए एक दिन पहले शुक्रवार को अधिकारियो की एक बैठक भी आयोजित की गई थी, इस बैठक में सभी विभागों के अधिकारी शामिल थे। लोकार्पण से पहले सभी अधिकारियो को निर्देश दिए गए हैं कि जो कार्य अधूरे हैं उन सभी कार्यो को पूरा किया जाए।

11 जुलाई को होने वाले लोकार्पण को लेकर शनिवार को रेलवे स्टेशन के मुख्य द्वार के बाहर 110 फीट ऊंचे राष्ट्र ध्वज को फहराया गया है, यह कार्य लंबे समय से रूका था। रेल विभाग के इलेक्ट्रिक और आरओडब्ल्यू विभाग द्वारा इस कार्य को पूरा किया गया है।

### स्टील की नई बेंचों के साथ पोल पर डबल लाईट शुरू

प्लेट फार्म एक के बार जो सरकुलेट एरिया है, यहां जो पोल पर डबल लाईट लगाई गई हैं उन लाईटों को चालू कराने के लिए भी स्टेशन मैनेजर के.एल मीणा द्वारा निर्देशित किया गया है। इसके अलावा अशोकनगर स्टेशन के प्लेटफार्म क्रमांक 1 पर स्टील की 12 बेंच स्थापित की जा रही हैं। रेलवे के शुडूयल के अनुसार 1 प्लेटफार्म पर कम से कम 50 बेंच होना चाहिए, उसकी कमी पूरी की जा रही है, जो पुरानी बेंच लगीं हैं उनकी भी लिपाई पुताई की गई है।

### खास बातें

- प्लेट फार्म क्रमांक 2 गुना साईड का फर्श कईं जगह से क्षतिग्रस्त है, इसे ठीक किया जाए, ताकि यात्री चढ़ने उतरने में दुर्घटनाओं का शिकार न हो सकें।
- प्लेटफार्म 1 और 2 पर कईं जगह पानी भर जाता है, ताल तलैया नजर आती हैं, इन्हें तत्काल प्रभाव से दुरूस्त किया जाए।
- प्लेटफार्म 1 के बाहर जो नई इमारत बनी है और जो पहले शेड है इस शेड को इमारत से जोड़ा जाए ताकि वर्षा काल में लोग परेशान न हों।
- यात्री ट्रेनों के आवागमन की सूची अप और डाउन लगाई जाए, ताकि यात्री जान सकें की कौन सी ट्रेन कब निकलती है।
- नई इमारत से लगकर प्लेटफार्म पर एक वाटर कूलर लगाया जाए
- प्लेटफार्म पर दिव्यांग और बुजुर्ग यात्रियों के लिए जो लिफ्ट लगाई गईं हैं उन्हें शीघ्र शुरू किया जाए।
- अशोकनगर के प्लेटफार्मों को जोड़ने के लिए जो नया ब्रिज बना है उसकी चैड़ाई 12 मीटर का कार्य शीघ्र शुरू किया जाए।
- अशोकनगर स्टेशन के बाहर पहले जो पार्क बना था, निर्माण कार्यों के कारण क्षतिग्रस्त है उसे फिर से बनाया जाए।
- अशोकनगर सर्कुलेट परिसर में एक सुलभ कॉम्प्लेक्स की स्थापना की जाए, यहां स्टेशन शहर से लगा है, शहर के लोग सुलभ सुविधा के लिए स्टेशन परिसर का उपयोग करते हैं,जिससे बदबू आती है। यात्रियों और शहर के लोगों की सुविधा के लिए सुलभ कॉम्प्लेक्स की कमी पूरी की जाए।

### 130 वर्ष बाद नई इमारत की सौगात मिलेगी

1896 में कोटा बीना रेल खण्ड का निर्माण हुआ था, उसके बाद अभी तक 130 वर्ष हो चुके हैं, अंग्रेजी हुकुमत के दौरान इस खण्ड पर सभी स्टेशनों पर भवनों का निर्माण हुआ था, उनमें से अशोकनगर स्टेशन भी शामिल था, जब से आज तक एक ही इमारत चली आ रही थी, इसी भवन में अनेकों बार परिवर्तन हुए, लेकिन वह परिवर्तन कोई काम नहीं आए। अब जाकर एक नई इमारत बनकर तैयार हुई है, कोटा बीना रेल खण्ड पहले पश्चिम रेलवे के कोटा रेल मंडल में आता था, बाद में भोपाल रेल मंडल का निर्माण हुआ और जबलपुर में रेल महाप्रबंधक के कार्यालय की शुरूआत की गई जिसके बाद यह खण्ड पश्चिम मध्य रेलवे में तब्दील हो गया। अब कोटा बीना रेल खण्ड का आधा हिस्सा कोटा से रूठियाई तक कोटा रेल मंडल में आता है, और रूठियाई के बाद बीना तक भोपाल रेल मंडल में आता है। सिंगल ट्रेक से इसकी शुरूआत हुई कोटा और सालपुरा के बीच 5 नेशनल थर्मल पॉवर कॉर्पोरेशन के कारखाने लगने के बाद कोयला से भरी मालवाहक ट्रेनों की संख्या बड़ी जिसके बाद इस लाईन का विधुतीकरण किया गया। 120 साल बाद इस रेल मार्ग का दोहरीकरण हो पाया। केन्द्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के द्वारा यहां बनी नई इमारत के साथ आधुनिक सुविधाओं के लोकार्पण का इंतजार है।

### इनका कहना है

अशोकनगर रेलवे स्टेशन को भारत सरकार की अमृत-2 योजना में शामिल किया गया था, जिसके अंतर्गत स्टेशन पर आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई गईं हैं। 11 जुलाई को लोकार्पण की तिथि तय हुई है, जिसके लिए सभी रेलवे के विभिन्न विभागों की अधिकारियों की एक दिन पहले बैठक हुई थी, सभी शेष कार्यों को चुन चुन कर पूरा करने का निर्णय लिया गया है। अधूरे कार्यों को पूरा कराए जाने के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को लिखा गया है।

**के. एल. मीणा मैनेजर** अशोकनगर रेलवे स्टेशन।

## राम के नाम से सरकार आई है और रामजी के नाम पर जाएगी: कांग्रेस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

शुक्रवार को जिला कांग्रेस कार्यालय पर कांग्रेस ने पत्रकार वार्ता का आयोजन किया। इस दौरान विभिन्न मुददों को लेकर प्रदेश और केन्द्र की भाजपा सरकार को आढ़े हाथों लिया। इस दौरान जिला कांग्रस अध्यक्ष ने कहा कि राम के नाम पर सरकार आई है रामजी के नाम पर ही जाएगी।

युवाओं के भविष्य, किसानों के संकट, उज्जैन भूमि प्रकरण और भ्रष्टाचार के सवालों पर प्रदेशव्यापी जन आंदोलन, मुख्यमंत्री जवाब दें या पद छोड़ें। मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा प्रदेशभर में चरणबद्ध जनआंदोलन प्रारंभ किया जा रहा है। यह आंदोलन प्रदेश के युवाओं, किसानों और आम नागरिकों के अधिकारों की रक्षा, सरकार की जवाबदेही सुनिश्चित करने तथा भ्रष्टाचार एवं सत्ता के दुरुपयोग के विरुद्ध लोकतांत्रिक संघर्ष का अभियान है। जिसमें विधायक इंजी हरिबाबू राय, अशोक शर्मा, गिरीश जैन आदि मौजूद थे।

### खास बातें

- उज्जैन भूमि प्रकरण पर मुख्यमंत्री सार्वजनिक रूप से जवाब कब देंगे?
- क्या सरकार पूरे मामले की स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच कराने को तैयार है?
- एक रुपये अथवा रियायती दर पर किन-किन ट्रस्टों एवं संस्थाओं को सरकारी भूमि आवंटित की गई? इसकी पूरी सूची सार्वजनिक क्यों नहीं की जा रही?
- किसानों को समय पर डीएपी, यूरिया, पर्याप्त बिजली और अन्य कृषि आदान उपलब्ध कराने में सरकार विफल क्यों रही?
- खाद की कालाबाजारी रोकने के लिए सरकार ने अब तक क्या कार्रवाई की?
- विद्यार्थियों को न्याय दिलाने तथा परीक्षा प्रणाली में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सरकार ने क्या कदम उठाए?

## अशासकीय विद्यालयों की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण के लिए आवेदन की अंतिम तिथि 10 तक

**अशोकनगर।** जिला शिक्षा केंद्र अशोकनगर द्वारा समस्त बीआरसीसी को निर्देश गए हैं कि शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए संचालित अशासकीय विद्यालयों की नवीन मान्यता एवं मान्यता नवीनीकरण संबंधी ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण कराई जाए। राज्य शिक्षा केंद्र, भोपाल के निर्देशानुसार जिन अशासकीय विद्यालयों ने अब तक ऑनलाइन आवेदन नहीं किया है, उन्हें विलंब शुल्क सहित 10 जुलाई 2026 तक आवेदन लॉक करने का अंतिम अवसर दिया गया है। जिला परियोजना समन्वयक श्री राहुल शर्मा ने सभी बीआरसीसी को निर्देशित किया है कि वे अपने विकासखंड के संबंधित विद्यालयों से प्रतिदिन प्रगति की जानकारी प्राप्त कर समय-सीमा के भीतर सभी लंबित प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि आरटीई अधिनियम, 2009 के प्रावधानों के अनुसार मान्यता प्राप्त होने के उपरांत ही विद्यालय का संचालन किया जा सकता है। जिला शिक्षा केंद्र ने सभी संबंधित अधिकारियों एवं विद्यालय प्रबंधन से अपील की है कि वे निर्धारित समय-सीमा का पालन करते हुए आवश्यक कार्रवाई शीघ्र पूर्ण करें, ताकि विद्यार्थियों के हित प्रभावित न हों।

## बिजली उपभोक्त एसोसिएशन ने स्मार्ट मीटर के विरोध में ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

मध्यप्रदेश बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन के द्वारा जिले में बिजली के स्मार्ट मीटर लगाए जाने एवं कंपनी के कर्मचारियों द्वारा की जा रही मारपीट के विरोध में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

जिला प्रभारी सावन बैरागी ने कहा कि स्मार्ट मीटर उपभोक्ता की बिना अनुमति के जबरन लगाए जा रहे हैं। बिजली कंपनी की तानाशाही चल रही है ,जबकि बिजली कानून 2003 की धारा 47(5), 55(1), 56(1) के तहत उपभोक्ताओं को अधिकार है कि उपभोक्ता की बिना अनुमति के स्मार्ट मीटर नहीं लगाए जा सकते। और केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहरलाल खट्टर ने 2 अप्रैल 2026 को लोकसभा में कहा है कि बिजली के प्रीपेड स्मार्ट मीटर लगवाना अनिवार्य नहीं है और कोई भी बिजली कर्मचारी स्मार्ट मीटर लगाने की जबरदस्ती नहीं कर सकता। बाबजूद इसके उपभोक्ताओं के घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहे हैं।

बीते दिन शुक्रवार को शहर के विनीत टॉकीज वाली गली में बिजली के स्मार्ट मीटर का नागरिकों द्वारा विरोध किए जाने के बावजूद जबरदस्ती लगाए जा रहे थे इसी दौरान रिटायर्ड शिक्षक सुनील कुमार जैन द्वारा विरोध करने पर बिजली कंपनी के कर्मचारियों के द्वारा मारपीट की गई और अभद्रतापूर्ण व्यवहार किया गया।




### खास बातें

- इस घटना की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।
- भविष्य में स्मार्ट मीटर लगाने के दौरान किसी भी बिजली उपभोक्ता के साथ जबरदस्ती, धमकी,मारपीट जैसी घटनाएं न हों।
- किसी भी उपभोक्ता की मर्जी के बिना उनके घरों में जबरदस्ती स्मार्ट मीटर लगाए जाने पर रोक लगाई जाए।

यह बेहद निंदनीय और चिंताजनक है क्योंकि सुनील कुमार जैन एक प्रतिष्ठित व्यक्ति हैं। बिजली कंपनी के कर्मचारियों द्वारा किया गया दुव्र्यवहार अनैतिक और अमर्यादित है। जिम्मेदार कर्मचारियों पर कार्यवाही की जानी चाहिए और इस तरह से किसी भी उपभोक्ता के साथ स्मार्ट मीटर लगाने के लिए जबरदस्ती नहीं की जानी चाहिए। यह बिजली कंपनी का तानाशाहीपूर्ण रवैया है। किसी भी नागरिक को अपनी बात शांतिपूर्ण ढंग से रखने का संवैधानिक अधिकार है।

# डिजीटल लोन एजेंट्स और पाकिस्तान के नंबरों की ब्लैकमेलिंग से तंग आकर बीटेक छात्र ने दी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर






साइबर फ्रॉड और डिजिटल लोन एजेंट्स की प्रताड़ना का एक बेहद खौफनाक और दुखद मामला सामने आया है। यह युवक अशोकनगर जिले के ओंडेर गांव का रहने वाला है जो सागर विश्वविद्यालय के बीटेक अंतिम वर्ष का छात्र था। इस छात्र ने ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर बीना के एक लॉज में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक के मोबाइल से मिले शुरुआती साक्ष्यों के अनुसार, उसे पाकिस्तानी नंबरों से धमकी भरे कॉल आ रहे थे और उसके परिवार की तस्वीरों को न्यूड (अश्लील) बनाकर वायरल करने की धमकी दी जा रही थी। इस घटना से छात्र के घर में चल रही शादी की खुशियां मातम में बदल गई हैं।

### प्रयागराज जाने के लिए लॉज में रुका था छात्र

पुलिस के मुताबिक, मृतक की पहचान अशोकनगर जिले की मुंगावली तहसील के बहादुरपुर थाना अंतर्गत औडेर गांव निवासी अमन प्रजापति (21) के रूप में हुई है। अमन शुक्रवार देर शाम बीना की छोटी बजरिया स्थित लक्ष्मी लॉज के कमरा नंबर-103 में रुका था। लॉज संचालक राजू सोनकर ने बताया कि अमन ने सुबह प्रयागराज जाने वाली ट्रेन पकड़ने के लिए समय पर जगाने को कहा था। सुबह जब कर्मचारी उसे जगाने पहुंचा, तो कमरा अंदर से बंद था। खिड़की से झांककर देखने पर अमन का शव फंदे से लटका मिला, जिसके बाद तुरंत पुलिस को सूचना दी गई।

### 2 जुलाई से लापता था अमन, दर्ज थी गुमशुदगी

मृतक के बड़े भाई सुनील प्रजापति ने बताया कि अमन सागर के पोस्ट मैट्रिक छात्रावास और पोद्दार कॉलोनी में रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह 2 जुलाई को बिना बताए अचानक लापता हो गया था। काफी तलाश करने के बाद भी जब उसका सुराग नहीं लगा, तो परिजनों ने सागर के गोपालगंज थाने में उसकी गुमशुदगी दर्ज कराई थी। अमन की मौत के बाद जब उसके मोबाइल की जांच की गई, तो रोंगटे खड़े कर देने वाला सच सामने आया। पाकिस्तानी नंबरों से कॉल अमन के फोन में पाकिस्तान के कोड वाले नंबरों से लगातार कॉल आने के रिकॉर्ड मिले हैं। इन कॉल्स के जरिए उसे साइबर ठगी का शिकार बनाकर पैसे ऐंठे जा रहे थे।

### तस्वीरें वायरल करने की धमकी

चेट में परिवार की तस्वीरों को एडिट कर न्यूड बनाने और उन्हें सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकियां दी गई थीं।

### लोन एजेंट्स की प्रताड़ना,

इसके अलावा, कई अवैध डिजिटल लोन ऐप्स के एजेंट्स भी उसे पैसों के लिए लगातार मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे थे। अमन ने इस भारी दबाव के बारे में परिवार को कभी कुछ नहीं बताया था।

### घर में गूंजने वाली थी शहनाई, पसर गया मातम

अमन चार भाइयों में सबसे छोटा था। उसके बड़े भाई प्रियातेश प्रजापति की शादी आगामी 7 जुलाई को होनी तय हुई थी। पूरा परिवार शादी की तैयारियों और खुशियों में डूबा था, लेकिन इस आत्मघाती कदम की खबर ने पूरे गांव और परिवार को झकझोर कर रख दिया है। पुलिस का बयान मोबाइल अनलॉक होने के बाद खुलेंगे और राज बीना की छोटी बजरिया चैकी प्रभारी आर. के. जोरम ने बताया कि मृतक का मोबाइल फिलहाल लॉक है, जिसे फॉरेंसिक जांच और डेटा रिकवरी के लिए जब्त कर लिया गया है। पाकिस्तान के नंबरों से आए कॉल, चैट और लोन एजेंट्स के नेटवर्क की बारीकी से जांच करे फ्रॉड रैकेट का पर्दाफाश किया जाएगा। शव का पीएम कराकर परिजनों को सौंप दिया।

# राष्ट्र संत मुनिश्री सुधासागर का रूठियाई की ओर मंगल विहार, चार्तुमास अभी नहीं

### राजस्थान की ओर जाने की संभावना जताई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

परम पूज्य आध्यात्मिक संत निर्यापक श्रमण राष्ट्र संत मुनि पुगंव श्री सुधासागर जी महाराज ससंघ 18 पिच्छिकाओं का रूठियाई की ओर हुआ मंगल विहार हो गया है। उनके विहार के बाद इन्दौर के साथ ही राजस्थान की ओर बढ़ने की संभावना व्यक्त की जा रही है।



ज्ञात हो कि वर्ष 2025 का चातुर्मास अशोकनगर शहर को प्राप्त हुआ था, जिसके बाद मुनिश्री अशोकनगर जिले के साथ पड़ौसी जिला शिवपुरी के गोलाकोट के साथ उत्तर प्रदेश के ललितपुर जिले के बाद मुंगावली,बहादुरपुर, अथाईखेडा होते हुए अशोकनगर दोबारा पहुंचे थे, जिसका लाभ अशोकनगर शहर के श्रद्धालुओं ने खूब लिया।

इसके बाद मुनिश्री का ससंघ विहार गुना की ओर हो गया थ, गुना शहर में पंचमुखी पंच कल्याणक महोत्सव के आयोजन के बाद अब मुनि श्री का विहार रूठियाई की ओर हो गया है। जिसके बाद संभावनाएं जताई जा रही हैं कि मुनिश्री का अगला चातुर्मास या तो मध्यप्रदेश के इन्दौर शहर में या फिर उनके कदम अगर मध्यप्रदेश से राजस्थान की ओर बढ़े तो चांदखेडी अथवा नारेली में अगला चातुर्मास होने की संभावना व्यक्त की जा रही है।

# अशोकनगर में पहली बार राज्य स्तरीय सेपक टकरा प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अशोकनगर

12 वीं मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय जूनियर सेपक टकरा प्रतियोगिता का आयोजन दिनांक 3 से 5 जुलाई को शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टोरिया, अशोकनगर में किया जा रहा है। जिला सेपक टकरा संघ के सचिव प्रियम जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता में लगभग 20 जिलों के 300 बालक एवं बालिका खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। यह प्रतियोगिता अशोकनगर जिले में पहली बार आयोजित की जा रही है।




कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज कुमार जैन (जिला कोषाध्यक्ष, भाजपा), रुबी गुप्ता (रिंकल सेठ), जिला उपाध्यक्ष, सेपक टकरा संघ एवं संचालक, राम संगीत एवं कला महाविद्यालय, सलिल त्रिपाठी (जिला मंत्री, भाजपा), माधव राज यादव (पिछड़ा वर्ग मोर्चा अध्यक्ष), संदीप रघुवंशी (मंडल उपाध्यक्ष, भाजपा), सेपक टकरा संघ के महासचिव प्रदीप केसरवानी एवं मध्य प्रदेश सेपक टकरा संघ के सह सचिव एवं अंतर्राष्ट्रीय रेफरी आशीष मिश्रा द्वारा किया गया। कार्यक्रम के दूसरे दिन शासकीय सांदीपनि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, टोरिया, अशोकनगर के प्राचार्य उमाशंकर त्रिपाठी एवं खेल प्रकोष्ठ भाजपा के जिला अध्यक्ष कार्तिक शर्मा ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया।

मध्यप्रदेश सेपक टकरा संघ के सह सचिव आशीष मिश्रा ने बताया कि यह खेल फुटबॉल और वॉलीबॉल का मिश्रण है, जो पैरों, सिर एवं शरीर के अन्य भागों से खेला जाता है। यह खेल सशस्त्र पुलिस विभाग, खेलो इंडिया, नेशनल गेम्स, खेलो इंडिया बीच गेम्स, स्कूल गेम्स, यूनिवर्सिटी गेम्स आदि प्रतियोगिताओं में खेला जाता है तथा मध्य प्रदेश के चयनित खिलाड़ी इनमें भाग लेते हैं। जिला सेपक टकरा अशोकनगर के कोषाध्यक्ष अनि जैन ने बताया कि इस प्रतियोगिता से चयनित खिलाड़ी आगामी राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेंगे। कार्यक्रम की रूपरेखा अभिसार्थ राम सेठ ने तैयार की तथा अंत में रुबी गुप्ता ने सभी का आभार व्यक्त किया।